हिन्दी प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी चंडीगढ़

(तिथि 3 JUNE 2026, समय 13:05 (5 मिनट)

===

पेशे से रेडियोलॉजिस्ट डॉ. अर्चना गुप्ता ने भारतीय जनता पार्टी की हरियाणा प्रदेश अध्यक्ष का कार्यभार संभाल लिया है। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने उन्हें पदभार ग्रहण कराया। उन्होंने मोहन लाल बड़ौली की जगह यह अहम जिम्मेदारी ली है। इस नियुक्ति से पहले वह हरियाणा बीजेपी की प्रदेश महासचिव थीं। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने उधर पंजाब के नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष सरदार केवल सिंह ढिल्लों को भी आज उनका पदभार ग्रहण कराया।इस अवसर पर भाजपा राष्ट्रीय महासचिव तरुण चुघ और राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सौदान सिंह समेत कई पदाधिकारी साथ में रहे मौजूद रहे।

==================================

आज विश्व साइकिल दिवस है। अप्रैल 2018 में संयुक्त राष्ट्र महासभा ने 3 जून को विश्व साइकिल दिवस घोषित किया था।

केन्द्रीय खेल एवं युवा मामले मंत्री मनसुख मांडविया ने देशवासियों को विश्व साइकिल दिवस की बधाई देते युवा शक्ति से साइकिलिंग को अपनी रोजाना की आदत बनाने की अपील की है।

केन्द्रीय खेल मंत्री ने कहा कि वैश्विक चुनौतियों के इस दौर में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी ने भी देशवासियों से पेट्रोल, डीजल आदि ईंधन से चलने वाले वाहनों पर निर्भरता कम करने का आग्रह किया है। ऐसे में साइकिलिंग एक प्रभावी और सकारात्मक समाधान है। उन्होंने आज सभी से साइकिलिंग को अपनी दिनचर्या का हिस्सा बना कर फिट, स्वस्थ तथा विकसित भारत के निर्माण में अपना योगदान देने का आहवान भी किया।

====================================

सर्वोच्च न्यायालय ने कहा है कि विवाहित बेटियों को अनुकंपा के आधार पर नियुक्ति से वंचित नहीं किया जा सकता है। न्यायालय ने कहा कि परिवार की परिभाषा से विवाहित बेटियों को बाहर रखना स्पष्ट रूप से अनुचित और संवैधानिक रूप से गलत है। न्यायमूर्ति पी.एस. नरसिम्हा और आलोक आराधे की पीठ ने इलाहाबाद उच्च न्यायालय के एक आदेश को रद्द करते हुए यह टिप्पणी की।

===

केंद्रीय ऊर्जा मंत्री ने राज्य में प्रीपेड मीटरिंग प्रणाली के क्रियान्वयन की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कि इसे चरणबद्ध तरीके से लागू किया जाए। उन्होंने सुझाव दिया कि प्रथम चरण में सरकारी कार्यालयों, सरकारी भवनों और सरकारी कर्मचारियों के परिसरों में इसे लागू किया जाए। इसके पश्चात 10 किलोवाट से अधिक भार वाले उपभोक्ताओं तथा अन्य श्रेणियों के उपभोक्ताओं को इस प्रणाली से जोड़ा जाए। उन्होंने इस दिशा में निर्धारित समयसीमा के भीतर कार्य प्रारंभ करने के निर्देश दिए।

श्री मनोहर लाल ने कहा कि स्मार्ट मीटरों का शीघ्र विस्तार बिजली क्षेत्र में पारदर्शिता और दक्षता बढ़ाने के साथ-साथ बिजली हानियों को कम करने में सहायक होगा।

============================

केंद्रीय ऊर्जा मंत्री मनोहर लाल ने कहा कि देश और राज्यों में बढ़ती बिजली मांग को पूरा करने के साथ-साथ बिजली क्षेत्र में होने वाले घाटे को कम करना समय की आवश्यकता है। इसके लिए बिजली निगमों को नई तकनीकों को अपनाते हुए लक्ष्य आधारित योजनाओं एवं परियोजनाओं पर तेजी से कार्य करना होगा । उन्होंने कहा कि बिजली एक आर्थिक संसाधन भी है, जिसके उत्पादन और वितरण में भारी लागत आती है। इसलिए वितरण व्यवस्था को अधिक सक्षम और आधुनिक बनाना आवश्यक है।

केंद्रीय मंत्री कल चंडीगढ़ में हरियाणा के बिजली निगमों तथा केंद्र सरकार द्वारा प्रायोजित विभिन्न योजनाओं की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। बैठक में हरियाणा के ऊर्जा मंत्री अनिल विज भी उपस्थित रहे।

=========================

हरियाणा में चालू वर्ष के दौरान 2 लाख 20 हजार रूफटॉप सोलर सिस्टम स्थापित करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है, जिनमें से अब तक लगभग 86 हजार सोलर सिस्टम स्थापित किए जा चुके हैं। केन्द्रीय ऊर्जा मंत्री मनोहर लाल द्वारा कल चंडीगढ़ में प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना की भी समीक्षा के दौरान अधिकारियों ने यह जानकारी दी।

=================================